प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक : 15.04.2026 समय : 02.10PM

एमपी बोर्ड रिजल्ट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मुख्यमंत्री निवास, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा का परिणाम घोषित किया। इस वर्ष परीक्षा परिणामों में शासकीय स्कूलों और जनजातीय जिलों का प्रदर्शन विशेष रूप से बेहतर रहा। 12वीं के परिणाम में इस साल 76.01 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। खुशी रॉय और कुमारी चांदनी विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से 500 में से 494 अंक लाकर 12वीं की परीक्षा में टॉप किया। वही हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 73 प्रतिशत रहा। 10वीं बोर्ड परीक्षा में पन्ना जिले की छात्रा प्रतिभा सिंह सोलंकी ने 500 में से 499 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है।

विद्यार्थी अपना परिणाम MPBSE की वेबसाइट, मोबाइल एप्लीकेशन और DigiLocker पर देख सकेंगे। वहीं प्रदेश में पहली बार पूरक परीक्षा के स्थान पर द्वितीय अवसर परीक्षा का आयोजन हो रहा है। इसमें असफल विद्यार्थियों के साथ परीक्षा परिणाम में सुधार के इच्छुक विद्यार्थी भी शामिल हो सकते हैं।

'नारी शक्ति वंदन'–राज्य स्तरीय कार्यक्रम

प्रदेश में 10 से 25 अप्रैल तक चल रहे 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़े' के तहत आज शाम 4 बजे भोपाल के रवींद्र भवन में राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम होगा. इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महिलाओं को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में पद्मश्री विभूतियों से लेकर डॉक्टर, वकील, कलाकार, लाड़ली बहना और स्व–सहायता समूह की महिलाएं तक शामिल होंगी। साथ ही 'महिला नेतृत्व की यात्रा' विषय पर एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। गौरतलब है कि पखवाड़े के दौरान पूरे प्रदेश में जन–जागरूकता के अभियान के साथ ही प्रत्येक विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र में 'नारी शक्ति पदयात्रा' और शिक्षण संस्थानों में 'युवा संवाद' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवा पीढ़ी को इस सामाजिक बदलाव से जोड़ा जा रहा है।

उप–राष्ट्रपति – शासन

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि शासन का सच्चा उद्देश्य जनता को सशक्त बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि समाज का कोई भी वर्ग और देश का कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न हो। नई दिल्ली में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के 72वें संस्थापक दिवस पर अपने संबोधन में श्री राधाकृष्णन ने कहा कि विकसित भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नीति और जनता के बीच सेतु का काम करेगी और सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार लाएगी।

बिहार–नए मुख्यमंत्री शपथ

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने आज बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने पटना के लोकभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

श्री चौधरी राज्य के 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। वे बिहार के मुख्यमंत्री बनने वाले भाजपा के पहले नेता भी हैं। गौरतलब है कि केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान को बिहार के मुख्यमंत्री के चयन के लिए आब्जर्वर बनाया गया था। श्री चौहान ने सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार विकास की नई गाथा लिखेगा।

मौसम

प्रदेश के कई हिस्सों में दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जबकि रात का पारा भी 25 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शहरों में भी तेज गर्मी का असर साफ नजर आ रहा है। मौसम विभाग ने 16 अप्रैल से प्रदेश में लू का अलर्ट जारी किया है। 16 से 18 अप्रैल के बीच कई जिलों में हीट वेव का असर देखने को मिलेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परिणाम में अनूपपुर जिले ने पहला स्थान हासिल किया, वही मंडला के 6 विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया है.,
- नर्मदापुरम में विधायक कप नर्मदांचल फुटबॉल लीग का शुभारंभ आज से किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 19 अप्रैल तक चलेगी,
- आगरमालवा नगर पालिका द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर आवासीय पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- एमपीआरडीसी के एमडी ने ठेका कंपनी को चेतावनी देते हुए शहडोल उमरिया 73 किलोमीटर सड़क 2 महीने में पूरा करने का निर्देश दिया है।

-------------------

दिनांक : 12.04.2026 समय : 02.10pm

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री–महिला आरक्षण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण कानून पर सच्ची भावना के साथ अमल करने का समय आ गया है ताकि 2029 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ हों। लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेताओं को लिखे पत्र में श्री मोदी ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे महिला आरक्षण कानून में संशोधन के मुद्दे पर एकजुट हों। इस कानून को नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया गया है।

अमरीका, ईरान वार्ता

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमरीका और ईरान के बीच लगभग 21 घंटे तक चली वार्ता, बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई है। अमरीका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बताया कि बातचीत में कोई समझौता नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि मुख्य मतभेद, ईरान से परमाणु हथियार न बनाने की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को लेकर है। श्री वेन्स ने कहा कि अमरीका ने ईरान के समक्ष अंतिम प्रस्ताव रखा है और अब ईरान की प्रतिक्रिया का इंतजार है।

बाइट – अमरीका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस

लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब से कुछ ही देर में सीहोर जिले के आष्टा से प्रदेश की सवा करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये की राशि अंतरित करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सीहोर जिले की बहनों को भी 35 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात देंगे। डॉ. यादव आष्टा क्षेत्र को 184 करोड़ रुपये की लागत वाले विकास कार्यों की सौगात भी देंगे, जिसमें कई नए भवनों, पुलों और स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण और भूमिपूजन शामिल है।

आशा भोसले–निधन

प्रख्यात गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का आज मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में होगा। आशा भोसले को सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण कल शाम मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

कूनो नेशनल पार्क–शावक

कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता 'गामिनी' की बेटी 'केजीपी–12' ने चार स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि को प्रदेश के पर्यावरण की बड़ी सफलता बताया है। इन नए शावकों के आगमन के साथ ही प्रदेश में अब चीतों की कुल संख्या बढ़कर 57 हो गई है।

मौसम

प्रदेश में गर्मी ने अब अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 40.6 डिग्री तापमान के साथ रतलाम प्रदेश

का सबसे गर्म शहर रहा, जबकि उज्जैन, इंदौर और भोपाल में भी पारा 37 डिग्री के पार पहुँच गया है।मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। विभाग ने दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने और पर्याप्त पानी पीकर खुद को हाइड्रेट रखने की सलाह दी है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :—

- आगरमालवा जिले के कानड़ में कल महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर माली समाज द्वारा एक चल समारोह निकाला गया और उनके सामाजिक सुधारों और शिक्षा के क्षेत्र में दिये गये योगदान को याद किया गया।
- शिवपुरी जिले के कोलारस जनपद पंचायत प्रांगण में कल डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

  और
- डिंडोरी जिले के बजाग तहसील अंतर्गत किकरा तालाब गांव के समीप कल रात एक तेज रफ्तार ट्राला कैप्सूल वाहन की चपेट में आने से 5 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया।

............................